दिनांक : 30.08.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**प्रधानमंत्री–जापान**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दो दिन की सफल जापान यात्रा के बाद चीन के लिए रवाना हो गए हैं। चीन में श्री मोदी शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। जापान यात्रा के पहले दिन 15वें भारत–जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में शामिल होने के बाद, प्रधानमंत्री मोदी ने आज टोक्यो में 16 प्रान्तों के राज्यपालों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने राज्यों–प्रान्तों के सहयोग की संभावनाओं को रेखांकित किया। उन्होंने साझा प्रगति के लिए 15वें वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान शुरू की गई राज्य–प्रान्त साझेदारी पहल के अंतर्गत काम करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने राज्यपालों को भारत की विकास गाथा में भागीदार बनने के लिए आमंत्रित किया।

**वैष्णव – टेम्पर्ड ग्लास**

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज उत्तर प्रदेश के नोएडा में देश के पहले टेम्पर्ड ग्लास निर्माण संयंत्र का उद्घाटन किया। यह संयंत्र भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को बढ़ावा देने और मेक–इन–इंडिया पहल को मज़बूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**स्वदेशी से स्वावलंबन**

राजधानी भोपाल में आज स्वदेशी से स्वावलंबन विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा प्रतिभा के आधार पर हमारा देश आगे बढा है। हमारे कषि और लघु उद्योग लागातार आगे बढ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा–
बाइट– मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव

**रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव**

ग्वालियर में चल रहे रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव के दूसरे दिन आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पर्यटन क्षेत्र में निवेश को लेकर वन–टू–वन चर्चा। यहां होटल रिसॉर्ट, वेलनेस और इको–टूरिज्म क्षेत्र के निवेशकों को लेटर ऑफ अवॉर्ड प्रदान किए जाएंगे।

**भारत जीडीपी**

भारत का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में **सात दशमलव आठ** प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, जो पाँच तिमाहियों में सबसे अधिक है। पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में जीडीपी में **सात दशमलव चार** प्रतिशत रही थी, जबकि पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह **छह दशमलव पांच** प्रतिशत थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी पहली तिमाही के आंकडों के अनुसार नॉमिनल जीडीपी में **आठ दशमलव आठ** प्रतिशत की वृद्धि हुई। कृषि और इससे संबंधित क्षेत्रों में वास्तविक सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वृद्धि दर **तीन दशमलव सात** प्रतिशत

रही, जबकि पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह **एक दशमलव पांच** प्रतिशत थी।

### मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश—विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 125वां एपिसोड होगा। इस कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट **newsonair.gov.in** और मोबाइल ऐप न्यूज़ऑनएयर पर किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, पीएमओ तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव प्रसारण किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रम प्रसारित करेगा।

### मौसम

प्रदेश में एक बार फिर बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आज नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा सहित 11 जिलों भारी बारिश यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार अगले 4 दिन बारिश जारी रहेगी। इस बीच लगातार बारिश से झाबुआ में माही मुख्य बांध का जलस्तर बनाए रखने के लिए किसी भी समय गेट खोले जा सकते हैं।

------------------------------